
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# सात लाख घाटे की मार झेल रहा है रोडवेज डिपो

## पहली और दूसरी लहर से अभी तक रोडवेज निगम उबर नही पाया

**दिक्कतें**

पहले रोडवेज को करीबन दस लाख रूपये की आय हुआ करती थी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। जिले से वर्तमान में लंबी दूरी के लिए महज पंन्द्रह बसों का संचालन हो रहा है। साल 2020 में रोडवेज द्वारा करीबन बीस बसों का संचालन किया जाता था। पहले रोडवेज को करीबन दस लाख रूपये की आय हुआ करती थी।

आलम यह है कि सीमांत जनपद में अभी भी रोडवेज डिपो कोरोना की पहली व दूसरी लहर से उबर नही पाया है। कोविड संक्रमण कम होने के बाद भी जिले में रोडवेज निगम की हालत सुधर नही पाई है। जिले में रोडवेज निगम को सात लाख के घाटे की मार सहनी पड़ रही है।



बता दें कि टनकपुर मार्ग के आये दिन बंद हो जाने से यहां से लंबी दूरी की बसों का संचालन करने में रोडवेज निगम को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक जिले से वर्तमान में पन्द्रह बसों का संचालन दिल्ली , देहरादून ,बरेली, बदायू ,लखनउ, झूलाघाट व मदकोट के लिए किया जा रहा है। बसों के संचालन से रोडवेज की आय में महज ही इजाफा हो पा रहा है।

जिले में पिथौरागढ़–टनकपुर मार्ग के आये दिन बंद होने से निगम को खासा नुकसान से दो चार होना पड़ रहा है।

वर्तमान में रोडवेज को दो से तीन लाख तक के बीच आय बन रही है। ऐसे हालातों में रोडवेज को फायदा होने की उम्मीद कम ही लग रही है। निगम की जब तक पूरी बसे सुचारू रूप से शुरू नही हो पाती है रोडवेज की स्थिति में सुधार होना खासा मुश्किल लग रहा है। रोडवेज के द्वारा करीबन सामान्य दिनों में बीस बसे संचालित किये जाने की उम्मीद थी। वही हालात खासे चिंताजनक अब जिले में रोडवेज निगम के सामने आने लगे है।

जहां एक ओर निगम को ऐसे में अभी भी तगड़े नुकसान की मार झेलनी पड़ रही है वही अब ऐसे में रोडवेज निगम की आय में सुधार को लेकर सवाल उठने खड़े होना लाज्मी है। रोडवेज निगम के आरएम आरके आर्या ने बताया कि वर्तमान में जिले से बाहरी राज्यों के लिए पन्द्रह बसों का संचालन हो रहा है।

निगम को दो से तीन लाख तक की आय मिल रही है। जब तक पूरी बसों का संचालन नही हो जाता निगम की स्थिति में सुधार होना मुश्किल लग रहा है।

## न्यूज डायरी

### रीना का ग्रमीणों ने ढोल नगाड़ो के साथ किया भव्य स्वागत

**संवाददाता** पुरोला। पर्वतारोहण के क्षेत्र में तीलू रौतेली पुरुस्कार मिलने के बाद अपने गृह क्षेत्र सांकरी पहुंची रीना का ग्रमीणों ने ढोल नगाड़ो के साथ किया भव्य स्वागत। मोरी ब्लाक के सौड़ गांव निवासी रीना रावत को साहसिक पर्यटन एवं पर्वतारोहण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर तीलू रौतेली पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरुस्कार मिलने के बाद सांकरी पहुंची रीना का जनप्रतिनिधियो,ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ो के साथ भव्य स्वागत किया। हरकीदून प्रोटेक्शन एंड माउंटनेनिरिंग संस्थान द्वारा यहां आयोजित सम्मान समारोह में रीना का फूल मालाओ के साथ शॉल,स्मृति चिन्ह व टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। संस्थान के अध्यक्ष भगत सिंह रावत ने कहा कि रीना ने गांव के साथ साथ जनपद का नाम भी रोशन किया है।

### आंदोलनकारी आरक्षण की जगी आस, पत्रावली पहुंची राजभवन के पासः मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों को 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने संबंधी विधेयक तत्कालीन हरीश रावत सरकार ने पास किया था, जोकि लगभग 5–6 साल से राजभवन में लंबित है। उक्त के मामले में मोर्चा द्वारा अप्रैल 2021 को मुख्यमंत्री ( वर्तमान में तत्कालीन) से आग्रह कर पत्रावली पुनः राजभवन को स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु प्रेषित करने का आग्रह किया गया था। उक्त के क्रम में मुख्यमंत्री कार्यालय से पत्र गृह विभाग को कार्रवाई हेतु हेतु प्रेषित किया गया तथा जून 2021 को पत्र गृह विभाग द्वारा विधाई एवं संसदीय कार्य विभाग को कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया था।

### कारड़ा कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड ने घोषित किये वित्तीय वर्ष 22 की पहली तिमाही के परिणाम

**संवाददाता** देहरादून। बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध कारड़ा कन्स्ट्रक्शंस लिमिटेड (केसीएल), (बीएसईः 541161 / एनएसईःकारड़ा), जो कि एक अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर कम्पनी है उसने 30 जून 2021 को समाप्त होने वाली तिमाही के शानदार परिणामो की घोषणा की। इसके अंतर्गत कुल आय रुपये 1776.95 लाख (वित्तीय वर्ष 21 की पहली तिमाही) से बढ़कर रुपये 2028.76 लाख (वित्तीय वर्ष 22 की पहली तिमाही) पर पहुंचा, यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 14 प्रतिशत की बढोत्तरी है। टैक्स पश्चात लाभ ने अच्छी खासी वृद्धि दर्ज की और यह रुपये 174.46 लाख (वित्तीय वर्ष 21 की पहली तिमाही) से बढ़कर रुपये 614. 24 लाख (वित्तीय वर्ष 22 की पहली तिमाही) पर पहुंचा जो कि 252 प्रतिशत की बढोत्तरी थी।

### इण्डिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन 13 अगस्त को

देहरादून। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश ममगांई ने अवगत कराया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर इण्डिया फ्रीडम रन 2.0 के आयोजन आयोजन 13 अगस्त 2021 का प्रातः 6:30 बजे से मिलन केन्द्र पंचायत निकट आईटी पार्क देहरादून में किया जाना है।

### 75 गावों एवं जनपद स्तर पर आयोजित होगी फिट इंडिया दौड़

देहरादून। जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र एम टोलिया ने अवगत कराया है कि नेहरू युवा केन्द्र दून, युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय के तत्वाधान में भारत की स्वतंत्रता की 75 वी वर्षगांठ के अवसर पर आजादी अमृत महोत्सव के अन्तर्गत फिट इंडिया दौड़ 13 अगस्त से 02 अक्टूबर 2021 तक 75 गावों एवं जनपद स्तर पर आयोजित किया जायेगा।

**कार्यालय जिला पंचायत टिहरी गढ़वाल नई टिहरी**

क्रमांक सं0 649 / पांच–निर्माण / टेण्डर / 2021–22 दिनांक 10–8–2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जिला पंचायत टिहरी गढ़वाल की ओर से जिला पंचायत टिहरी में वर्ष 2021–22 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों ने दिनांक 25–08–2021 को अपरान्ह 2.00 बजे तक सील बंद निविदायें आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 24–8–2021 को सां0 4.00 बजे तक जिला पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ निर्धारित प्रतिभूमि राशि एन0एस0सी0 अथवा एफ0डी0आर0 सी0डी0आर0 आदि के रूप में जोकि अपर मुख्य अधिकारी के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है इसके अतिरिक्त रू0 100 /–का नॉन ज्यूडिशियल स्टॉप पेपर जिस पर क्रास किया रू0 100 /–का रसीदी टिकट हस्ताक्षरयुक्त लगा हो साथ ही ठेकेदार का जी0एस0टी0 नं0, पैन नं0, बैंक पासबुक या कैन्सिल चैक , आधार कार्ड जिला पंचायत का पंजीकरण तथा सामान्य लाईसेंस की फोटोकापी संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कार्य के निमित्त 3 से कम निविदायें मान्य नहीं होंगी।उक्त शर्ते पूर्ण न करने पर निविदा मान्य नही होगी। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत में निहित होगा।अन्य शर्ते किसी भी कार्यदिवस में जिला पंचायत कार्यालय नई टिहरी में देखी जा सकती है।

| क्र0 सं0 | विकासखण्ड का नाम | कार्ययोजना का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | प्रतिभूति राशि 2 प्रतिशत (रू0 में) | निविदा का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रतापनगर | ग्रामसभा कोरदी के बुरासखंडा के पास यात्री प्रतिक्षालय / रेन सेल्टर निर्माण | 5.00 | 10000 | 500+18%GST | 3 माह | 45 दिन |
| 2 | चम्बा | जिला पंचायत क्षेत्र कोट के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर रैलिंग / बैंच स्थापन कार्य। | 4.00 | 8000 | 400+18%GST | 2 माह | 45 दिन |
| 3 | थौलधार | ग्राम बगोरी,खमोली,रेदोली में प्रतीक्षालय निर्माण। | 4.50 | 9000 | 500+18%GST | 3 माह | 45 दिन |
| 4 | जखणीधार | ग्राम सैण के कंडोगी में भवन निर्माण | 4.50 | 9000 | 500+18%GST | 4 माह | 45 दिन |
| 5 | प्रतापनगर | ओणेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विश्राम गृह निर्माण | 6.50 | 13000 | 700+18%GST | 4 माह | 45 दिन |
| 6 | भिलंगना | ग्राम पंचायत महार गांव मल्ला में इंटरलॉकिंग का अवशेष कार्य। | 4.00 | 8000 | 400+18%GST | 2 माह | 45 दिन |
| 7 | कीर्तिनगर | जिला पंचायत क्षेत्र चिलेडी के अंतर्गत विभिन्न ग्राम सभाओं में बैंच स्थापना कार्य। | 5.00 | 10000 | 500+18%GST | 2 माह | 45 दिन |
| 8 | कीर्तिनगर | ग्रामसभा गोरसाली में खेल मैदान / पार्क निर्माण। | 4.00 | 8000 | 400+18%GST | 2 माह | 45 दिन |
| 9 | जौनपुर | ग्रामपंचायत गैड में सामु0भवन निर्माण | 4.00 | 8000 | 400+18%GST | 2 माह | 45 दिन |
| 10 | चम्बा | आराकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण। | 3.50 | 7000 | 400+18%GST | 4 माह | 45 दिन |
| 11 | चम्बा | ग्रामपंचाय छाती में रैन7 सेल्टर निर्माण | 3.50 | 7000 | 400+18%GST | 3 माह | 45 दिन |
| 12 | भिलंगना | ग्रामपंचायत महार गाव मल्ला में इंटर लोकिंक का अवशेष कार्य | 4.00 | 8000 | 400+18%GST | 2 माह | 45 दिन |
| 13 | थौलधार | जिला पंचायत क्षेत्र जोलगी के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामसभाओं के विभिन्न स्थानों पर बैंच स्थापन का कार्य। | 3.50 | 7000 | 400+18%GST | 2 माह | 45 दिन |
| 14 | जौनपुर | रा0इ0कालेज भवान जौनपुर में बालिका शौचालय निर्माण | 5.00 | 10000 | 500+18%GST | 2 माह | 45 दिन |
| 15 | भिलंगना | ग्राम करखेडी में ज्वाला मंदिर में मिलन केंद्र निर्माण | 4.00 | 8000 | 400+18%GST | 4 माह | 45 दिन |
| 16 | चम्बा | सरस्वती शिशु मंदिर नई टिहरी में रास्ते पर टाईल्स कार्य | 4.00 | 8000 | 400+18%GST | 2 माह | 45 दिन |

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत टिहरी गढ़वाल